कोरोना से बचाने को नगर निगम के प्रयास

नगरायुक्त के नेतृत्व में महानगर में चलाया जा रहा सफाई व सैनिटाइजेशन अभियान

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। तेजी से बढ़ रही माहामारी, तो दूसरी ओर नगर निगम ने लोगों को वायरस के संक्रमण से बचाने के लिए कमर कस ली ।

नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा स्वयं अग्रिम पायदान पर तैनात होकर सफाई कर्मियों का हौसला बढ़ाते हुए पूरे शहर में सैनेटाइजेशन व सफाई व्यवस्था का मोर्चा संभाले हुए। नगर आयुक्त व उनकी टीम द्वारा लगातार नालों, नालियों की सफाई व शहर में सैनेटाइजेशन व कन्टेनमेंट जोन में सैनेटाइजेशन का कार्य कराया जा है। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा नगर को जोनों में बांट कर नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में सफाई व सैनेटाइजेशन कार्य कराये जा रहे। यही नहीं नगर निगम द्वारा शहर के सौन्दर्यीकरण के लिए भी लगातार कार्य किये गये है और अग्रिम कार्य जारी भी है। नगरायुक्त व उनकी टीम का शहर को संक्रमण मुक्त बनाना ही उद्देश्य है। नगरायुक्त अपने काम को नौकरी समझकर नहीं कर्तव्य समझकर कर रहे। नगरायुक्त व उनकी टीम दिन रात काम कर रही है। नगरायुक्त के निर्देशन में नगर निगम द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा।

संतोष शर्मा, नगर आयुक्त